Salem Steel Plant

4179. SHRI TIRUCHIVANAM G. VENKATRAMAN: Will the Minister of STEEL be pleased to state what is the lacuna in Salem Steel Plant to raise its steel production?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SONTOSH MOHAN DEV): Salem Steel Plant (SSP) was conceived as an integrated steel plant and while sanctioning of the project in 1977, it was decided to adopt a strategy of backward integration. Accordingly the cold rolling mill complex was installed and commissioned in September, 1981. The second sendzimir mill for doubling the production capacity was commissioned in the year 1991. As a further step towards backward integration Government sanctioned installation of the Hot Rolling steckel Mill in 1991 with a commissioning schedule of 4 years. This unit is expected to be commissioned progressively in 1995. The growth of Salem Steel Plant is thus being continuously maintained.

Production of Special Steel/capacity utilisation at SSP has been showing an improving trend. Production in 1994-95 was 55800 tonnes as against 46000 tonnes in 1993-94.

इस्पात क्षेत्र में विदेशी कम्पनियां

4180. **श्री जनेश्वर मिश्र :** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस्पात के क्षेत्र में विदेशी कम्पनियों को 51 प्रतिशत शेयर देने का कोई नीतिगत निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो इस्पात के क्षेत्र में विदेशी कम्पनियों द्वारा कितनी धनराशि का निवेश किया गया है अथवा किये जाने का प्रस्ताव है और ऐसी विदेशी कम्पनियों की संख्या कितनी है; और

(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (ग) जुलाई, 1991 में घोषित नई औद्योगिक नीति के तहत "इस्पात" को उन उद्योगों की सूची में शामिल किया गया है जिनमें निर्धारित शर्तों पर 51% तक विदेशी साम्या के लिए भारतीय रिजर्व बैंक स्वतः मंजूरी देता है। उन प्रस्तावों जो इस श्रेणी में शामिल नहीं है, के लिए सरकारी मंजूरी लेनी होती है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार कार्यान्वित की गई/कार्यन्वित करने के लिए प्रस्तावित इस्पात और इस्पात प्रकमण इकाइयों में विदेशी निवेश जिसमें अप्रवासी भारतीय निवेश भी शामिल हैं, के लिए सरकार की मंजूरी का ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

इस्पात क्षेत्र में नयी/संयुक्त क्षेत्र की इकाइयों के लिए जुलाई, 1991 के बाद विदेशी निवेश जिनमें अप्रवासी भारतीय भागीदारी भी शामिल है, के लिए सरकारी मंजूरी

क्रम सं.	कम्पनी का नाम और स्थान-स्थिति	विदेशी सहयोगी (निवेशकर्ता) का नाम	विदेशी निवेश (प्रतिशत) और मंजूर राशि
1	2	3	4
1.	मैसर्स पीयूष स्टील लिमिटेड बडोदरा, गुजरात	मैसर्स मुकेश के. पटेल तथा श्री हरिकिशन एम. पटेल (अप्रवासी भारतीय) लन्दन, यू. के.	12% (120 लाख रुपये)